फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमंद

श्री निलेश सिंह निवासी– गांव नन्दावट तहसील भीम जिला राजसमन्द — **अपीलार्थी**

बनाम

लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम — **प्रत्यर्थी**

किस्म मुकदमा – अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 87/2024**

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 10.12..2024 पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम ऑनलाईन अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम से जरिये पत्र क्रमांक/सू0अ0/2024/386 दिनांक 08.11.2024 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी श्री निलेश सिंह निवासी नन्दावट तहसील भीम द्वारा उपपंजीयक कार्यालय भीम द्वारा पंजीयन पट्टे रजिस्ट्री के प्रति राजस्व ग्राम नन्दावट पटवार हल्का टोगी आराजी खसरा नं. 2773/2752 पर दिनांक 08.07.2024 को ग्राम पंचायत टोगी द्वारा आठ पट्टे जारी किये गये थे। जिसका पंजीयन उपपंजीयन भीम द्वारा किया गया था। जिसकी प्रार्थी द्वारा सूचना के तहत चाही गयी सूचना दिनांक 25.10.2024 उपपंजीयक कार्यालय भीम से सम्पूर्ण पट्टों की रजिस्ट्री की नकले प्रार्थी श्री निलेश सिंह को उपलब्ध करा दी गयी है। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम कि रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गयी वांछित सूचना अपीलार्थी को दिनांक 25.10.2024 को उपपंजीयक कार्यालय भीम से सम्पूर्ण पट्टों की रजिस्ट्री की नकले उपलब्ध करवा दी जाने से उक्त अपील को खारिज किया जाता है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम को भिजवायी जावे। **पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।** 10/12/24 **लोक सूचना अपीलीय अधिकारी** **(जिला कलक्टर) राजसमंद**	

न्यायालय जिला कलक्टर
राजसमन्द (राज.)